पर योग्यताप्राप्त व्यक्तियों की उपलब्धता के संदर्भ में पूर्णकालिक शिक्षकों की योग्यता भिन्न-भिन्न है। तथापि आमतौर पर व्यावसायिक शिक्षकों के चयन के लिए मास्टर डिग्री मूलभूत योग्यता है।

जबलपुर में नवोदय विद्यालय के छात्रों के लिए पेय जल की आपूर्ति

3892. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) या यह सच है कि नवोदय विद्यालय जिला बरगी, जबलपुर के छात्रों को पानी के टैंकरों के नलों से अंजलि में लेकर पानी पीना पड़ता है;

(ख) छोटे बच्चों को पेय जल के लिए कब से गिलास उपलब्ध नहीं कराए गए हैं; और

(ग) नवोदय विद्यालय, बरगी (जबलपुर) के छात्रों को किस स्रोत से पेय जल की आपूर्ति कराई जा रही है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) (क) जी, नहीं। जब सामान्य जल आपूर्ति या तो यान्त्रिक-त्रुटि के कारण अथवा पानी की कमी के कारण विफल हो जाती है, ऐसी स्थिति में छात्रों को पानी उपलब्ध कराए जाने के लिए, पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाती है।

(ख) छात्र, जब विद्यालय में कक्षा-VI में दाखिला लेते हैं, तो उन्हें गिलास उपलब्ध कराए जाते हैं।

(ग) विद्यालय में जल-आपूर्ति का स्रोत, बोरवैल है, जिसमें एक बूस्टर पम्प लगाया गया है।

उत्तर प्रदेश में वीडियों और केबल टी॰ वी॰ के माध्यम से फिल्मों का अनधिकृत प्रसारण

3893. **श्री राम रतन राम:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने कापी राइट उल्लंघनों पर, विशेषतौर पर वीडियों और केबल टी॰ वी॰ के माध्यम से फिल्मों के अनाधिकृत प्रसारण को रोक लगाने के संबंध में केन्द्र सरकार से अनुरोध किया था; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा): (क) जी, हां

(ख) सरकार ने पहले ही अन्य बातों के साथ-साथ प्रौद्योगिकी में अद्यतन विकास, जैसे वीडियों/केबल टी॰ वी॰ को ध्यान में रखते हुए कापीराईट अधिनियम, 1957 में व्यापक संशोधनों का प्रस्ताव किया है। इस उद्देश्य के लिए कापीराइट (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1992 16.7.92 को लोकसभा में पेश किया गया था।

National Plan for Girl Child

3894. SHRI AJIT P.K. JOGI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a separate national plan for the SAARC decade of the girl child (1991-2000) has been prepared in fulfilment of the commitment made at the Male summit in 1990; and

(b) if so, what are the measures proposed therein for survival, protection and development of the girl child in India?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) A Statement is attached.

Statement

Proposed Measures for Survival, Protection and Development of the Girl Child in India

1. SURVIVAL Prevention of female foeticide and infanticide, reduction of infant mortality, under-5 child mortajity, malnutrition, iron, vitamin and iodine deficiency among